हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


11 भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए जनजातीय समाज को ...



12 मां अभियान से बदल रही महानदी की तस्वीर




## खबर संक्षेप

### तहसील साहू समाज भखारा की बैठक 17 को

**अंवरी।** तहसील साहू समाज भखारा की बैठक 17 जून बुधवार को दोपहर 3 बजे से तहसील साहू समाज भवन भखारा में आयोजित होगी। तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** जिले में सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी क्रियान्वयन, शिकायतों के समयबद्ध निराकरण एवं मैदानी स्तर पर सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर सीएम हेल्पलाइन के नोडल अधिकारी होंगे। वहीं डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मानदेय विवाद : रसोइयों ने काम शुरू करने की तारीख बढ़ाई

**धमतरी।** जिले के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों ने 16 जून से काम शुरू नहीं करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की बैठक में यह फैसला लिया गया। रसोइयों का कहना है कि उन्हें बेहद कम मानदेय दिया जाता है और जून माह में अतिरिक्त कार्य लेने के बावजूद भुगतान नहीं किया जाता। गांधी मैदान में आयोजित बैठक में जिला संरक्षक बिदेराम मरकाम ने बताया कि पिछले दो वर्षों से जून महीने का मानदेय लंबित है। इसी के विरोध में रसोइयां 30 जून तक मध्यान्ह भोजन कार्य से दूर रहेंगी और 1 जुलाई से दोबारा स्कूलों में काम संभालेंगी। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग, बीईओ, प्रधान पाठकों और संबंधित स्व-सहायता समूहों को दे दी गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से युवक ने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया निवासी कोमल साहू पिता ईश्वर उम्र 23 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। साथ ही अपने घर के ट्रैक्टर को भी चलाता था। रविवार को युवक ने अपने खेत की मेड़ में स्थित पेड़ पर प्लास्टिक रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम घटना की जानकारी होने पर गांव के सरपंच द्वारा अर्जुनी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच तैनात हो गई। सोमवार को शव का पंचनामा कर फंदे से नीचे उतार जिला अस्पताल भेज दिया गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नाबालिग की संदिग्ध स्थिति में मौत

**धमतरी।** एक नाबालिग युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। परिवारजनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की आशंका जताई है। अस्पताल चौकी के अनुसार थाना जामगांव आर. क्षेत्र के ग्राम आगेसरा निवासी शिवराज निषाद पिता फकीरा उम्र 17 वर्ष की मां रविवार की दोपहर खाना खाकर बर्तन साफ कर रही थी। इसी दौरान उसे कमरे में कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। महिला तत्काल घर के भीतर गई, जहां उसका बेटा शिवराज जमीन पर गिरा पड़ा था। वह बेहोश था। महिला ने गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। फांसी लगाने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा होगा।

# ग्राम सोंढूर क्षेत्र में फिर सक्रिय हुआ तेंदुआ, बछड़े का किया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित सोंढूर क्षेत्र में कुछ महीनों के अंतराल के बाद एक बार फिर तेंदुए की सक्रियता बढ़ने लगी है। तेंदुए द्वारा पालतू पशुओं का शिकार किए जाने की घटनाएं सामने आने से ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। ताजा मामले में तेंदुए ने ग्राम सरपंच के घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक छोटे बछड़े का शिकार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में यह तेंदुए द्वारा किया गया पांचवां शिकार है।

ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ अक्सर सड़क किनारे बैठे गाय, बैल एवं अन्य पालतू पशुओं को अपना निशाना बना रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निगरानी के लिए ट्रैप कैमरा लगाया। अगले दिन सुबह लगभग 9 बजे कैमरे में कैद तस्वीरों और घटनास्थल के निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि मृत बछड़े को तेंदुआ घसीटकर दूसरी जगह ले गया था।

सरपंच जीवन नाग ने बताया कि लगातार हो रही शिकार की घटनाओं से ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोग रात के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं तथा बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने वन विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने तथा तेंदुए की निगरानी के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है।

**ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल**





### वन विभाग के ट्रैप कैमरे में तस्वीर हुई कैद

वन विभाग के रिसगांव परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर ने बताया कि बछड़े पर हमले की शिकायत मिलने के बाद विभाग द्वारा ट्रैप कैमरा लगाया गया था। जांच और कैमरे में प्राप्त तस्वीरों से स्पष्ट हुआ है कि बछड़े की मौत तेंदुए के हमले से हुई है। विभाग द्वारा गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही लोगों से रात के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने तथा अपने पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखने की अपील की गई है।

## जितनी रकम में तीन बार लेन-देन होता था, उतनी में अब एक बार में होती है रजिस्ट्री

# नई गाइडलाइन दर से भू-माफियाओं का कारोबार सिमटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सरकारी गाइडलाइन में जमीन के दाम तीन गुना बढ़ने के बाद भी भू-माफियाओं का धंधा थम सा गया है। नई गाइडलाइन में दर जारी होने से पहले जितनी रकम में तीन गुना कारोबार करते थे, उतनी रकम में अब एक बार ही जमीन खरीद पा रहे हैं। हालांकि नई गाइडलाइन दर से कम रजिस्ट्री होने पर भी शासन को पहले से ज्यादा राजस्व मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइन दरें पूरे राज्य में 20 नवम्बर 2025 से लागू हो चुकी हैं। सात वर्षों के अंतराल के बाद सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विसंगतियों को दूर करते हुए इन दरों में व्यापक सुधार किया है।

जमीन व्यवसाय से जुड़े अशोक पटेल, राजा श्रीवास ने बताया कि जो जमीन नई गाइडलाइन जारी होने से पहले 400 रूपये फीट में बिकती थी, वह अब 1000 से 1200 रूपये हो गई है । जिले में जमीन के अनेक कारोबारी हैं जो जमीन खरीदकर कुछ समय बाद मुनाफा कमाकर बेच देते हैं। अब ऐसे कारोबारियों का धंधा सिमट गया है।

उन्होंने वजह बताते हुए कहा कि जमीन की खरीदी बिक्री 1 नंबर पर होती है। जो व्यापारी पहले 25- 25 लाख रूपये की तीन जमीन खरीदने की क्षमता रखते थे, अब वह दाम बढ़ने से 75 लाख रूपये की एक ही जमीन खरीद पा रहे हैं। उससे अधिक जमीन खरीदने पर इनकम टैक्स सहित अन्य समस्या सामने आ सकती है।

### रजिस्ट्री कम लेकिन राजस्व अधिक

जिला पंजीयन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 में कुल 461 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई थी, जिसमें 31 करोड़ 80 लाख 16 हजार 148 रूपये का कारोबार हुआ था। जबकि अप्रैल 2026 में कुल 414 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई है। इस महीने 47 दस्तावेजों की कम रजिस्ट्री होने के बाद भी 34 करोड़ 28 लाख, 33 हजार 928 रूपये का कारोबार हुआ है। इसी तरह मई माह 2025 में 524 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई थी जिससे 38 करोड़ 83 लाख 19 हजार 863 रूपये का कारोबार हुआ था। वहीं मई 2026 में 503 दस्तावेजों की रजिस्ट्री होने के बाद भी 39 करोड़ 61 लाख का जमीन कारोबार हुआ है। कम दस्तावेजों की रजिस्ट्री के बाद भी राजस्व में अधिक मुनाफा गाइडलाइन दर की वृद्धि को माना जा रहा है।

**प्रवेश उत्सव के साथ होगा नौनिहालों का स्वागत**

# आज से नए सत्र की होगी शुरुआत स्कूलों में गूंजेगी बच्चों की चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत आज से होने जा रही है। सरकारी स्कूलों के साथ कई निजी विद्यालय भी नए सत्र के लिए तैयार हैं। लंबे अवकाश के बाद स्कूल खुलने से बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के लिए प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा, जहां उनका तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया जाएगा।

जिले के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पढ़ाई शुरू होने से पहले शिक्षा विभाग ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। शिक्षकों और प्राचार्यों को समय पर स्कूल संचालन, साफ-सफाई और विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन की ओर से पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश भी उपलब्ध कराया जाएगा।

इधर शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रबंधन समितियों में बदलाव करते हुए पालकों को अधिक जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया है। अब समितियों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन अभिभावकों के बीच से किया जाएगा। साथ ही स्कूलों में प्रार्थना सभा, राष्ट्रगान और ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर भी नए निर्देश जारी किए गए हैं।

### कुछ निजी स्कूलों ने बढ़ाई छुट्टियां

जिले के कुछ निजी विद्यालय 16 जून से खुल रहे हैं, जबकि कई स्कूल प्रबंधन ने गर्मी और उमस को देखते हुए स्कूल खोलने की तारीख आगे बढ़ा दी है। ऐसे विद्यालय अब 22 जून से कक्षाएं प्रारंभ करेंगे। दूसरी ओर बाजारों में किताब, कॉपी, बैग और स्कूल ड्रेस की खरीदारी तेज हो गई है, जिससे स्टेशनरी दुकानों में रौनक बढ़ गई है।

# अब बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही मिलेगा राशन

- ओटीपी से सामग्री वितरण करने वाले दुकान संचालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले की 492 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 488 ऑनलाइन दुकानों में राशन सामग्री का वितरण अब अनिवार्य रूप से ई-पॉस मशीन पर आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जाएगा। शासन ने वन नेशन, वन राशनकार्ड योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आधार प्रमाणीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं।

जिला खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि ई-पॉस वितरण डेटा के विश्लेषण में यह पाया गया कि कई दुकानों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बजाय ओटीपी के माध्यम से राशन का वितरण किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ई-केवाईसी पूर्ण होने पर राशनकार्ड के मुखिया अथवा पंजीकृत सदस्य के बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही राशन वितरित किया जाए। जिन राशनकार्डों में नॉमिनी नियुक्त हैं, वहां भी नॉमिनी के आधार प्रमाणीकरण के बाद ही सामग्री का वितरण किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ओटीपी आधारित वितरण केवल विशेष परिस्थितियों में ही मान्य होगा। इसमें ऐसे राशनकार्ड शामिल हैं जिनके सभी सदस्य 60 वर्ष ▶▶ शेष पेज 10 पर

**सिर्फ कार्रवाई ही नहीं सुधार का अवसर दे रही पुलिस**

# अब निगरानी बदमाश को मिली माफी बदमाश श्रेणी में शामिल होने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वर्ष 2014 से अपराधयुक्त जीवन जी रहे निगरानी बदमाश को एसपी के आदेश पर माफी बदमाश की श्रेणी में शामिल होने की अनुमति मिली है।

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा कि संपत्ति संबंधी, चोरी, उठाईगिरी, नकबजनी आदि में शामिल रहने वाले ऐसे गुंडा बदमाश जो अपनी पूर्व की आपराधिक छवि में सुधार कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ चुका है, पिछले 5 वर्ष से किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहा है। ऐसे व्यक्तियों को माफी बदमाश श्रेणी में शामिल करने का विचार किया जा सकता है।

इसी क्रम में सिटी कोतवाली के निगरानी बदमाश अंकित कौशिक उम्र 39 वर्ष महिमासागर वार्ड निवासी के संबंध में परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि वर्ष 2014 से अब तक उक्त युवक को किसी भी प्रकार कर अपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं है। वह सामान्य व सामाजिक जीवन व्यतीत कर रहा है। सिटी कोतवाली प्रभारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं सीएसपी की अनुशंसा के आधार पर एसपी सूरजसिंह परिहार द्वारा उक्त निगरानी बदमाश को माफी बदमाश अ वर्ग में शामिल किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है।



### समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास

धमतरी पुलिस का मानना है कि कानून का उद्देश्य केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना ही नहीं बल्कि उसमें सुधार की भावना को प्रोत्साहित कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। यह निर्णय ऐसे सभी व्यक्तियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो अपराध का रास्ता छोड़कर सम्मानजनक एवं सामाजिक जीवन अपनाना चाहते हैं।

# डायल 112 टीम पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस जवानों पर युवक ने किया था रॉड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मारपीट की सूचना पर दानीटोला पहुंचे डायल 112 के वाहन में तोड़फोड़ व पुलिस जवानों पर राड से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार बीते गुरुवार की रात्रि डायल 112 की टीम को दानीटोला के सतनामी गली में विवाद व मारपीट होने की सूचना मिली थी। सूचना पर डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां कुछ व्यक्तियों द्वारा महिलाओं के साथ गाली- गलौज एवं विवाद किया जा रहा था। पुलिस टीम भी वहां पर पहुंच समझाइश देते हुए शांति व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान राहुल जोशी, चंद्रशेखर रात्रे उर्फ बंटी एवं उसके अन्य साथी पुलिस दल के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे पुलिसकर्मियों के साथ आरोपियों ने हाथ मुक्का व लोहे की रॉड से मारपीट की। इस घटना में डायल 112 में पदस्थ आरक्षक को चोट लगी। वहीं एक आरोपी द्वारा शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 03 ए 1313 में तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई गई। इसी के साथ पुलिस के कार्य में भी बाधा उत्पन्न की गई।



विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के बयान, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राहुल जोशी पिता केशकुमार उम्र 24 वर्ष दानीटोला धमतरी निवासी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी राहुल जोशी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## निगम की त्वरित कार्रवाई से टला जलसंकट, रातभर चला मरम्मत कार्य

# राइजिंग पाइपलाइन फटने पर बारह घंटे के भीतर मरम्मत, शहर की जलापूर्ति रही चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम के जल विभाग की त्वरित कार्रवाई से राइजिंग पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बावजूद शहर की जलापूर्ति बाधित नहीं हुई। 13 जून की शाम लगभग 4 बजे नहर नाका शांति घाट के सामने सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान खुदाई किए जाने से जल आवर्धन योजना के फिल्टर प्लांट से ओवरहेड टैंकों तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य 450 मिमी राइजिंग पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा तथा आसपास के घरों तक पहुंच गया, जिससे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई।



घटना की जानकारी मिलते ही जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने नगर निगम की टीम को मौके पर भेजा। आवश्यक सामग्री तत्काल रायपुर से मंगाई गई और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य प्रारंभ किया गया। सभापति श्री सोनकर एवं अम्बेडकर वार्ड पार्षद कुलेश सोनी स्वयं पूरी रात मौके पर उपस्थित रहकर कार्य की निगरानी करते रहे। महापौर रामू रोहरा हर घंटे सभापति अखिलेश सोनकर से रिपोर्टिंग लेते रहे।

लगातार लगभग 12 घंटे की मेहनत के बाद सुबह 4 बजे पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया, फलस्वरूप शहर के विभिन्न ओवरहेड टैंकों में जलापूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई। इस कार्य में जल विभाग के कर्मचारी पंचराम सिन्हा, प्रहलाद मांडवी, तीजूराम, पुनारद, ओमप्रकाश, टेमन, परशु, निरंजन, ओमप्रकाश, चतुर, अजय सहित जल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम जुटी रही।

# बिंद्रानवागांव में 1.5 एकड़ शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण



- राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम ने ग्राम बिंद्रा नवागांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 1.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमित क्षेत्र में निर्मित अस्थायी ढांचों और अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। पूरे अभियान को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारियों, पुलिस बल तथा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से हुई।

## खबर संक्षेप

### युगेश भाजयुमो भखारा मंडल के बने महामंत्री



**अंवरी।** भाजयुमो भखारा मंडल में संगठनात्मक विस्तार के तहत मुख्य कार्यकर्ता युगेश धीवर को मंडल महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर युगेश धीवर ने कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक साहू, आनंद यदु, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, रामगोपाल देवांगन, सतीश जैन, मनीष कश्यप का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री धीवर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

### कबीर जयंती समारोह 21 को बगौद में

**अंवरी।** सामुदायिक भवन भाटापारा ग्राम बगौद में 21 जून को दोपहर 1 बजे से सदगुरु कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता संत समेन दास कबीर आश्रम नयापारा राजिम होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पंडित शंकर दादा, बसंत ध्रुव, हेमलाल साहू, रामलाल साहू, मोतीलाल साहू, माधव साहू, छबिलाल साहू, भुनेश्वर साहू, डॉ. देवचरण साहू, समारू सिन्हा, महेश कुर्रे, अर्जुन पटेल जुटे हैं।

### बार-बार बिजली बंद होने से छूट रहे पसीने

- जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी का आरोप

**बगदेही(धमतरी)।** बगदेही क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण विद्युत कटौती से काफी परेशान हैं। विगत दो दिनों से पांच दस मिनट के अंतराल में रात 12 से 1 बजे के बीच पांच से छह बार बिजली बन्द की गई। ग्राम बगदेही के अमित साहू, उमाशंकर साहू, दानू साहू सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बिना हवा व बारिश के बाद भी विभाग द्वारा की जा रही कटौती से काफी परेशान होना पड़ रहा है। नींद पूरी नही होने के कारण सुबह उठने में काफी परेशानी होती है। काम में मन नहीं लगता है। कामता साहू का कहना है कि इससे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विद्युत कटौती कई साल से चली आ रही है। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं द्रोपती (DROPATI) पति कृपाराम ध्रुव निवास कण्डेल, जिला व तहसील धमतरी (छत्तीसगढ़) ने विधिवत शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम परिवर्तन कर लिया है।

अब से मैं सोहद्रा बाई ध्रुव अंग्रेजी (SOHADRA BAI DHRUV) के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊँगी। मेरे पूर्व नाम द्रोपती (DROPATI) और वर्तमान नाम सोहद्रा बाई ध्रुव (SOHADRA BAI DHRUV) दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है।

अतः भविष्य में मेरे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी दस्तावेजों में मेरा नया नाम सोहद्रा बाई ध्रुव (SOHADRA BAI DHRUV) ही मान्य होगा।

दिनांक : 15/06/2026
स्थान : धमतरी

भवदीय
सोहद्रा बाई ध्रुव
पूर्व नाम-द्रोपती
पति-कृपाराम ध्रुव
निवासी-कण्डेल, धमतरी
तह. एवं जिला-धमतरी (छ.ग.)

# स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम से लक्ष्मी के जीवन में आया बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम पचपेड़ी निवासी लक्ष्मी साहू आज क्षेत्र में समूह की सक्रिय महिला उद्यमी के रूप में पहचानी जाती हैं। 12वीं पास लक्ष्मी साहू का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वर्ष 1987 में जन्मी लक्ष्मी के मायके की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, जिसके कारण परिवार का भरण-पोषण कठिनाई से हो पाता था। वर्ष 2009 में उनका विवाह बलदाउ राम साहू से हुआ। विवाह के बाद भी आर्थिक चुनौतियां बनी रहीं।

उनके पति भखारा में एक छोटी फोटो कॉपी की दुकान संचालित करते हैं, जिससे परिवार का गुजारा मुश्किल से चल पाता था। दिसंबर 2017 में लक्ष्मी साहू का संपर्क बिहान की उपयोजना स्टार्ट अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) से हुआ।

ग्राम संगठन की बैठक में सीआरपी-ईपी दयानंद साहू ने योजना की जानकारी दी। योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और व्यवसाय संचालन संबंधी प्रशिक्षण की जानकारी मिलने के बाद लक्ष्मी ने इससे जुड़ने का निर्णय लिया।

लक्ष्मी साहू को पहले से ब्यूटी पार्लर कार्य का अनुभव था। सीआरपी-ईपी के मार्गदर्शन और एसवीईपी के सहयोग से उन्होंने फैंसी एवं ब्यूटी पार्लर व्यवसाय शुरू किया। प्रारंभ में छोटे स्तर पर शुरू किया गया यह व्यवसाय धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगा। योजना से जुड़ने के बाद उन्होंने दैनिक हिसाब-किताब, स्टॉक प्रबंधन, साफ-सफाई, काउंटर सज्जा और ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार नए उत्पाद रखना शुरू किया।

## समूह की महिला ने ब्यूटी पार्लर व्यवसाय से बदली आर्थिक स्थिति



### प्रतिमाह 7 से 9 हजार रुपये की हो रही आय

आज लक्ष्मी साहू प्रतिमाह 7 से 9 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। उनका कहना है कि एसवीईपी योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना ने न केवल उनकी आय बढ़ाई है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी प्रदान की है। लक्ष्मी अन्य महिलाओं से भी योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार अपनाने और आत्मनिर्भर बनने की अपील कर रही हैं।

11वीं में भी 24 में से 10 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण, फेल छात्रों को टीसी देने के फैसले से पालक चिंतित

# पीएम श्री स्कूल का चौंकाने वाला रिजल्ट : 9वीं के 79 में से 37 छात्र फेल, पालकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड अंतर्गत संचालित शासकीय श्रृंगी ऋषि एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल (पीएमश्री स्कूल) में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिंदी माध्यम की पढ़ाई भी संचालित होती है, लेकिन हिंदी मीडियम की कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। कक्षा 9वीं में कुल 79 विद्यार्थियों में से 37 छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण और कुछ पूरक आए हैं।

बताया जा रहा है कि कई विषयों का पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण नहीं हो पाया जबकि परीक्षाएं समय पर हुईं। ऐसे में विद्यार्थियों को पर्याप्त तैयारी का अवसर नहीं मिला। परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा रही है। कुछ पालकों का कहना है कि यदि समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराने के बाद और नियमित पुनरावृत्ति (रिवीजन) कराई जाती, तो इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थी असफल नहीं होते।

कुछ पालकों ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा फरवरी माह तक पाठ्यक्रम पूर्ण कर रिवीजन कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन विद्यालय स्तर पर इसका सही तरीके से पालन नहीं किया गया। इस संबंध में कई बार पालकों द्वारा बैठक में और व्यक्तिगत रूप से भी स्कूल प्रबंधन को अवगत कराया गया, किंतु अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसका परिणाम आज कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम में सामने आया, जहां लगभग आधे विद्यार्थी असफल हो गए।

विदित हो कि शासन द्वारा बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए करोड़ों की लागत से इमारत समेत अन्य सुविधाएं एवं 45 शिक्षकों के साथ कुल 55 अधिकारी कर्मचारी की तैनाती की है किंतु 37 विद्यार्थियों की असफलता अध्यापन में की गई कोताही और मनमानी को आईना दिखा रही है।

### बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

उल्लेखनीय है कि नगरी एवं आसपास के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से 20 से 40 किलोमीटर दूर के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस विद्यालय में अध्ययन करने आते हैं। कई विद्यार्थी छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हैं, जबकि छात्रावास सुविधा सीमित होने के कारण कुछ विद्यार्थी किराए के मकानों अथवा रिश्तेदारों के यहां रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कई पालक अपने बच्चों के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उम्मीद में उन्हें मुख्यालय में छोड़कर जाते हैं। ऐसी स्थिति में अधूरी पढ़ाई और कमजोर परीक्षा परिणाम ने पालकों की चिंता और बढ़ा दी है। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था में लापरवाही गंभीर विषय है, जिस पर विभाग के उच्च अधिकारियों को तत्काल जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### फेल बच्चों को दी जा रही टीसी

इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य प्रजापति का कहना है कि कुछ बच्चे पढ़ाई में कमजोर थे, जिसके कारण वे अनुत्तीर्ण हुए हैं। पिछले वर्ष कुछ बच्चों को दोबारा मौका दिया गया था। शाला समिति द्वारा फेल बच्चों को टीसी देने निर्णय लिया गया है। इस आधार पर फेल छात्रों को टीसी प्रदान की जा रही है। हर वर्ष 50 सीट के लिए भर्ती होती है।

## महारास और रुक्मणी विवाह प्रसंग से भक्तिमय हुआ नारायणीधाम

- श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




नारायणीधाम राणी सती मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ में महारास, उद्धव चरित्र एवं रुक्मणि मंगल विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास विष्णुदत्त शास्त्री इंदौर ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि महारास केवल नृत्य नहीं, बल्कि परम भक्ति, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मंदिर परिसर में 9 जून से 15 जून तक चले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रुक्मणि विवाह प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणि की आकर्षक झांकी सजाई गई। भजन-कीर्तन, मंगल गीत और पुष्प वर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास विष्णुदत्त शास्त्री ने बताया कि माता रुक्मणि की अटूट श्रद्धा और विश्वास से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण ने उनसे विवाह किया।

आयोजन समिति के कमल अग्रवाल, प्रमोद गोयल, स्वर्णलता गोयल, मनीष अग्रवाल, लता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, संजय रामजी लाल, पूनम अग्रवाल, हुकूमचंद सिंघल परिवार, मदन गोयल, अनिता गोयल, संदीप, रश्मि अग्रवाल, ओबी शर्मा, भारती शर्मा एवं राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि सोमवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## कचना सोसाइटी के चबूतरा निर्माण में अनियमितता की शिकायत

- मुरूम की जगह मिट्टी डालकर चबूतरा की गुणवत्ता को कमजोर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



किसानों से खरीदे गए धान को सुरक्षित रखने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कचना में 8 लाख रुपये की लागत से चबूतरा का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है ताकि किसानों का धान पानी एवं चूहों से सुरक्षित रह सके लेकिन ठेकेदार की मनमानी से चबूतरा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।

किसानों ने बताया कि सोसाइटी कचना में चबूतरा का निर्माण तो हो रहा है लेकिन निर्माण में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। मुरूम की जगह मिट्टी डाली गई है और जिस जगह चबूतरा निर्माण हो रहा है, वहां की मिट्टी ही काली है। इससे चबूतरा निर्माण की मजबूती पर संदेह है। इस संबंध में ठेकेदार ने विभाग द्वारा मिट्टी डालने का ही प्रावधान बताया और अधिकारी से बात करने कहा। निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का सूचना पटल या सूचना बोर्ड नहीं लगा हुआ है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### मंडी बोर्ड अधिकारी ने मिट्टी हटाने का दिया आदेश

इस संबंध पर मंडी बोर्ड अधिकारी कमल यादव ने बताया कि चबूतरा का निर्माण लगभग 8 लाख रुपये की से हो रहा है। वहां पर मिट्टी डालने का प्रावधान नहीं है। मुरूम या रेत डालने का ही प्रावधान है। ठेकेदार को चबूतरा से मिट्टी हटाने का आदेश किया गया है क्योंकि उक्त स्थल काली मिट्टी है जिससे गुणवत्ता में कमजोर आएगी। ठेकेदार को मिट्टी निकालकर मुरुम या रेत डालने का आदेश दिया गया है।

## धर्मांतरित परिवार की समाज में वापसी

- परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की बैठक में सात प्रकरणों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की कार्यकारिणी बैठक रविवार को साहू समाज भवन लिमतरा में हुई। पूर्व अध्यक्ष राजाराम साहू ने सभा की अध्यक्षता की। बैठक में जिला साहू संघ के महामंत्री विजय साहू, तहसील सहसचिव डूमनलाल साहू सहित परिक्षेत्र एवं विभिन्न गांवों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बैठक में समाज की नियमावली, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक उत्थान को लेकर से चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम बलियारा की अनुसुइया बाई साहू एवं उनकी पुत्री, जिन्होंने पूर्व में धर्मांतरण कर लिया था, उन्हें पुनः साहू समाज में शामिल किया गया। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण साहू एवं पन्नालाल साहू के प्रयास से हुई इस वापसी का समाजजनों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सात सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई हुई। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण साहू ने बताया कि जुलाई माह में परिक्षेत्र के दो गांवों में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में कामताप्रसाद साहू, पूर्णिमा बनपेला, ज्ञानानंद साहू, अनिल बनपेला, करण साहू, गुलाब साहू, हंसराज साहू, रेणुका साहू, दीपचंद साहू एवं चुनुलाल साहू सहित अनेक ग्रामीण अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव मोतीलाल साहू ने किया।

## माता तालाब एवं शीतला मंदिर परिसर की सफाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

स्वच्छता पखवाड़ा एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत नगरी वनमंडल द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित मातातालाब मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के दौरान माता तालाब मटियाबाहरा एवं शीतला तालाब एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर आसपास फैले कचरे को हटाया गया। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नागरिकों से भी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में वन विभाग के एसडीओ, रेंजर सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

वन विभाग अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत प्रयास है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

- पीएम मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने किया वरिष्ठजनों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद अश्वनी निषाद, शंकर देव तथा राजा पवार ने नगर के वरिष्ठजनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं समाज के सम्मानित व्यक्तियों से मुलाकात कर संवाद किया।

इस अवसर पर नगर के पेंशनर कार्यालय में पेंशनर समाज एवं नगर के प्रबुद्धजनों आर.एन. देव, अंगदलाल, पीआर चंद्रवंशी, लक्ष्मण गजपाल, अलका गजपाल, पीएल सिन्हा, जीसी साहू, जीसी वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों से भेंट कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

वरिष्ठजनों ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इस अवधि में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा, मजदूर एवं वंचित वर्गों के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

### वरिष्ठजनों का अनुभव राष्ट्र निर्माण की अमूल्य धरोहर : छाबड़ा

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह विशेष जनसंपर्क अभियान केवल सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज के वरिष्ठजनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं अनुभवी व्यक्तियों के आशीर्वाद और सुझाव प्राप्त करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। वरिष्ठजनों का अनुभव राष्ट्र निर्माण की अमूल्य धरोहर है। उनके जीवन अनुभवों से नई पीढ़ी को प्रेरणा, संस्कार और मार्गदर्शन प्राप्त होता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरानी बस्ती निवासी अंजोर सिंह गौर से भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उनका सम्मान किया।

## रांवा में गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

# क्षेत्र के किसानों ने दिखाई जैविक खेती में रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



ग्राम रांवा में गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषय पर किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में देश में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता में आ रही कठिनाइयों, बढ़ती लागत तथा खेतों में लगातार घट रही कार्बनिक पदार्थ (ऑर्गेनिक कार्बन) की मात्रा के कारण उत्पन्न समस्याओं के प्रति किसानों को जागरूक करना एवं उनके स्थायी समाधान के रूप में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि रासायनिक खेती पर अत्यधिक निर्भरता के कारण मिट्टी की उर्वरता में कमी, उत्पादन लागत में वृद्धि तथा भूमि की जैविक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इन समस्याओं के समाधान हेतु गौ आधारित प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों एवं उनके लाभों की जानकारी दी गई। किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों जैसे बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, अग्निअस्त्र, ब्रह्मास्त्र के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान व्यावहारिक उदाहरणों सहित किया गया। किसानों ने गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने तथा अपने खेतों में जैविक तकनीकों का प्रयोग करने में रुचि व्यक्त की। कार्यक्रम में इच्छाराम, टाकेश्वर, हिम्मत राम, उदेराम, सदाराम, योगेश, संतोष साहू, लोकराम, हीराराम, त्रिलोकी, भोजराम, युगल, केशू, गोविन्द, नमन, दीपक, मुनेश, यशवंत, सुखदेव, जीवराज, तुमेंद्र समेत अनेक किसान उपस्थित थे। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता दीपक सार्वा कांकेर, थनेन्द्र साहू हथबंद थे। कार्यक्रम के आयोजक किसान लोकेश्वर सिन्हा थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### प्रो-कबड्डी प्रीमियर लीग का समापन 18 जून को

**दुर्गुकोदल।** ग्राम हामतवाही में आयोजित हामतवाही प्रो-कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का समापन समारोह 18 जून को आयोजित किया जाएगा। रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति ने विधायक आशाराम नेताम को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल युवक की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बाबूकोहका पुल के पास 14 जून को शाब 4 बजें सड़क दुर्घटना में घायल मध्यप्रदेश के आदर्श नगर हरदूआकला मैहर सतना निवासी 23 वर्षीय सत्यम शुक्ला पिता आशीष शुक्ला का मौत हो गया। नागेंद्र तिवारी ने पुलिस को बताया कि ट्रक वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेज व लारवाही पूर्व चलने से आई गंभीर चोट के कारण हुआ।

### राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक कल

**कांकेर।** राजस्व ग्राम पटेल संघ तहसील कांकेर का आवश्यक बैठक 17 जून बुधवार को गोंडवाना समाज भवन सिंगारभाट में रखा गया है, जिसमें विभिन्न विषय के साथ साथ नया नियुक्ति, परिचय कार्ड जैसे प्रमुख विषय पर संघ के द्वारा चर्चा किया जाएगा। तहसील कांकेर के अंतर्गत आने वाले 105 ग्राम के पटेल से अव्हान किया गया कि बैठक स्थल पर समय पर पहुंचे। राजस्व पटेल संघ तहसील कांकेर के कोषाध्यक्ष माखन सिंह मंडावी के द्वारा दिया गया।

### 4 लीटर महुआ शराब बरामद

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कोदाभाट में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी कोदाभाट निवासी 37 वर्षीय जितेंद्र वट्टी पिता स्व. बिसाहू वट्टी को महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 जून को मुखबिर से जानकारी मिला कि आरोपी अपने कब्जे में महुआ शराब रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक कि तलाश में है।

# 250 सीटर छात्रावास में 87 सीटें खाली, दूरस्थ छात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा लाभ

## शासन की महत्वाकांक्षी योजना के बावजूद सीटें रिक्त, जागरुकता बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिवासी समाज के गरीब एवं दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगरी विकासखंड मुख्यालय में 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास का निर्माण किया गया है। इस छात्रावास का उद्देश्य विकासखंड के अंतिम छोर के गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को सुरक्षित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे बेहतर वातावरण में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

शासन की मंशा है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र आवासीय सुविधा के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहें। इसी सोच के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रावास भवन तैयार किया गया, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में 250 सीटर छात्रावास में केवल 163 छात्र ही रह रहे थे, जबकि लगभग 87 सीटें खाली पड़ी थीं। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का रिक्त रहना योजना के अपेक्षित परिणामों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वनांचल क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी छात्र शिक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई विद्यार्थियों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। यदि ऐसे जरूरतमंद विद्यार्थियों तक छात्रावास की जानकारी और सुविधाओं का प्रचार-प्रसार प्रभावी ढंग से किया जाए तो रिक्त सीटों को भरा जा सकता है।




### नए सत्र पर टिकी निगाहें, जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ या नहीं

ग्रामीणों का मानना है कि नए शैक्षणिक सत्र में प्रशासन को विशेष अभियान चलाकर दूरस्थ गांवों के विद्यार्थियों और उनके पालकों तक छात्रावास की जानकारी पहुंचानी चाहिए। इससे अधिक से अधिक छात्र प्रवेश लेकर इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अब सभी की निगाहें नए सत्र पर टिकी हैं कि 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक एवं बालिका छात्रावास की सभी सीटें भर पाती हैं या इस वर्ष भी बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह जाती हैं। यह विषय न केवल प्रशासन के लिए चुनौती है, बल्कि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दिल्ली के जनजातीय सांस्कृतिक समागम से लौटकर जिपं सभापति ने हरिभूमि से की विशेष चर्चा

# भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए जनजातीय समाज को महत्वपूर्ण शक्ति मानती है : अजय

## जनजातीय संस्कृति, परंपरा और गौरव का संगम बना आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला परिसर में 24 मई को आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक समागम में विस्तारक के रूप में सहभागिता कर लौटे जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव ने हरिभूमि से विशेष चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र निर्माण के लिए जनजातीय समाज को एक महत्वपूर्ण शक्ति मानती है। जनजातीय समाज केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षक ही नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण का सशक्त आधार भी है।

उन्होंने बताया कि जनजातीय सुरक्षा मंच एवं वनवासी कल्याण आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों जनजातीय प्रतिनिधि, कलाकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं, जीवन मूल्यों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना था।

श्री ध्रुव ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान उन्हें देश के विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रतिनिधियों से संवाद करने तथा उनकी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक जीवन को निकट से समझने का अवसर मिला। लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भारत की अद्भुत जनजातीय विविधता को प्रदर्शित किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनजातीय समाज के सम्मान और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, आवास और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं।



### आधुनिक शिक्षा एवं तकनीक को अपनाएं

अजय ध्रुव ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होकर उन्हें यह अनुभव हुआ कि भारत की जनजातीय परंपराएं केवल किसी एक क्षेत्र या राज्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश के पूर्वोत्तर राज्यों से लेकर मध्य भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण भारत तक विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भारत की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार रूप में प्रदर्शित किया। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और भाषा के संरक्षण के साथ आधुनिक शिक्षा एवं तकनीक को अपनाने का भी आह्वान किया।

### जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में आया सकारात्मक बदलाव

श्री ध्रुव ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, प्रधानमंत्री जनमन योजना, वन धन विकास केंद्र, आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित यह समागम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं था, बल्कि जनजातीय समाज के आत्मसम्मान, पहचान और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करने का एक सशक्त प्रयास था। जनजातीय समाज का उत्थान ही विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है।

# नए सत्र की शुरुआत के एक दिन पूर्व स्कूल को मिले 20 प्राचार्य

■ सेकेंड लाइन लीडरशिप तैयार करने शिक्षकों को सौंपी गई विशेष जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले मगरलोड वनांचल क्षेत्र स्थित सेजेस सिंगपुर में एक अनूठी पहल देखने को मिली। विद्यालय को एक साथ 20 प्राचार्य मिलने की खबर ने सभी को चौंका दिया, जबकि सामान्यतः किसी भी स्कूल में प्राचार्य का केवल एक ही पद स्वीकृत होता है। हालांकि इसके पीछे का उद्देश्य विद्यालय में सेकेंड लाइन लीडरशिप तैयार करना और शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वम्भर प्रसाद चन्द्रा ने नए सत्र के पूर्व समस्त स्टाफ की विस्तृत बैठक लेकर वर्षभर संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार की। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीति बनाई गई तथा शिक्षकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसी क्रम में स्टाफ के 20 सदस्यों को प्राचार्य की जिम्मेदारी भी प्रदान की गई। डॉ. चन्द्रा ने कहा कि विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक प्राचार्य के समान हैं और स्कूल हित में निर्णय लेने का अधिकार रखते हैं। उनकी अनुपस्थिति में भी विद्यालय का कोई कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए।

उन्होंने शिक्षकों से परिवार के मुखिया की तरह सोचकर विद्यालय और विद्यार्थियों के हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय में 14 विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा उनके परिणाममूलक संचालन की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। शिक्षक गोविंद नेताम, आरबी मारकोले, कल्याण कौशल, रीना ध्रुव, मोनिका रावटे, आरके साहू, प्रेम साहू और खिलेश्वर साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सीखने और नेतृत्व विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर है। विद्यालय की इस पहल से पालकों में भी उत्साह है और इसे प्रदेश में नेतृत्व विकास का एक प्रेरणादायी मॉडल माना जा रहा है।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ निकाली भड़ास



■ किसान यूनियन ने घेरा कलेक्टोरेट, विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने सोमवार को 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव किया। किसानों ने इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार को अपनी समस्याएं गिनाईं और ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को कलेक्टोरेट के पास किसान एकत्रित होने लगे। करीब 1 बजे सेंट सेवियर्स स्कूल के पास किसानों की सभा हुई। सभा में वक्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। सभा के बाद किसानों ने कलेक्टोरेट का घेराव किया। इस दौरान नायब तहसीलदार लोकेश साव ने किसानों की समस्या सुनते हुए उनकी मांगों का ज्ञापन लिया।

ये है 12 सूत्रीय मांग

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को लिखे ज्ञापन में 12 सूत्रीय मांग रखी है जिसमें किसानों को प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया, दो बारी डीएपी, खाद की कालाबाजारी बंद करने, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया खरीदी को स्वैच्छिक करने, गोबर जैविक कम्पोस्ट खाद योजना को पुनः प्रारंभ करने, बेतहाशा बिजली बिल को कम करने तथा स्मार्ट मीटर को हटाने, धान पर बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य को जोड़कर 3358 रूपये प्रति क्विंटल करने, पूर्व सरकार की लंबित चौथी धान किस्त राशि देने, डीजल-पेट्रोल, गैस सिलेंडर के दाम कम करने, लंबित वृद्धा पेंशन तत्काल देने , शिक्षा की असमानता को खत्म करने निजी स्कूलों को बंद कराने, किसान मजदूर के प्रति परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने, चना की खेती करने वाले किसानों को बोनस देने की मांग की गई है।

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, दीनदयाल, भुवनलाल, रामनिहोरा निषाद, मनहरण साहू, हुकुमचंद, मोतीलाल यदु, सुदर्शन ठाकुर, महावीर साहू, रूपन बाई साहू, जितेन्द्र पटेल, पवन कुमार, तेजराम, मदनलाल साहू, रामविलास साहू सहित अनेक किसान शामिल हुए।

## अंचल की खबरें

### गांव-गांव जाकर लोगों से रक्तदान का किया आग्रह



**धमतरी।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जिला हॉस्पिटल में 14 जून रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान एवं आजीवन सदस्य मोहनी साहू, ऋतु प्रधान, महेश साहू ने गांव-गांव जाकर लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

### गौ संरक्षण के लिए हर गांव में गौशाला बनाने कलेक्टर से मांग



**धमतरी।** श्रीराज मानस संघ धमतरी के तत्वावधान में आवासीय मानस व्याख्यान मंथन कार्यशाला का आयोजन 26, 27, 28 जून को आमंत्रण हेरिटेज रुद्री रोड धमतरी में रखा गया है। कार्यशाला के आचार्य महेन्द्र साहू, प्रेमलाल साहू, डां. लोकेश साहू, कोदूराम चन्द्राकर, डां भूषणलाल चन्द्राकर, प्यारेलाल साहू होंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही संघ ने कलेक्टर को धर्मान्तरण रोकने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बनाए गए कानून के लिए मुख्यमंत्री के नाम आभार पत्र सौंपकर पशुबलि पर प्रतिबंध लगाने तथा गौ संरक्षण के लिए प्रत्येक ग्राम में गौशाला बनाने की मांग की है।

■ राज्यस्तरीय मानस मंथन कार्यशाला 26 जून से

### टेनिस बॉल क्रिकेट में बगौद की टीम बनी विजेता



**कुरुद।** ग्राम सिहाद में आयोजित ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने पुरस्कार वितरण कर किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्राम बगौद की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गातापार की टीम उपविजेता रही। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमति साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ अपने हुनर को भी आगे बढ़ाएं और खेल को केवल मनोरंजन की भावना से नहीं, बल्कि लक्ष्य बनाकर खेलें, ताकि भविष्य में राज्य स्तर से लेकर इंडियन टीम तक अपनी जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, एकता, टीम भावना और ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि छत्रपाल बैस, शनि बैस, भेषज बैस सहित ग्राम के समस्त पंच, ग्रामीणजन एवं आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इंटरव्यू क्रैक करने के टिप्स मिले



**धमतरी।** युवाओं को सही दिशा दिखाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन में करियर गाइडलाइंस सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर करियर के नए विकल्पों और संभावनाओं की जानकारी हासिल की। मुख्य वक्ता मनीष कुमार यादव, चंद्रेश श्रीवास्तव और राकेश साहू थे। उन्होंने छात्रों को वर्तमान समय के मांग वाले कोर्सेज, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इंटरव्यू क्रैक करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से छात्र अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मंच संचालन करीना साहू ने किया। कार्यक्रम में योगेश श्रीवास्तव, शेषनारायण साहू, कुमारी राधिका साहू, सुमन और रेशमा का विशेष योगदान रहा। इस दौरान छात्रों के मन में उठ रहे करियर संबंधी सवालों और शंकाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अब बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से ही मिलेगा राशन

से अधिक या 10 वर्ष से कम आयु के हों, एकल निराश्रित राशनकार्ड धारक हों अथवा निःशक्तजन राशनकार्ड धारक हों जिनमें कोई नॉमिनी नियुक्त न हो। इन मामलों में भी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का प्रयास विफल होने के बाद ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि आधार प्रमाणीकरण को नजरअंदाज कर सीधे ओटीपी के माध्यम से वितरण करने वाले दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा का प्रगतिपथ कार्यक्रम में विधायक ने गिनाईं बड़ी विकास योजनाएं






■ रेल और सड़क परियोजनाओं से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भाजपा संगठन के आह्वान पर कुरूद ब्रॉडगेज रेलवे स्टेशन परिसर में विधानसभा स्तरीय प्रगतिपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी दी।

विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद क्षेत्र विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुरूद रेलवे स्टेशन के आधुनिक विकास को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर आधुनिक प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, पेयजल सुविधा, हाईस्पीड वाईफाई और बेहतर सर्कुलेटिंग एरिया जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे यात्रियों के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष कुरूद गीतेश्वरी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा ज्योति जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविकांत चन्द्राकर, त्रिलोकचंद जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, सिंधु बैस, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, रवि सिन्हा, लोकेश साहू, कल्याण राजपूत, मंडल प्रभारी व सहप्रभारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रभात बैस व आभार व्यक्त विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने किया।

### भारतमाला कॉरिडोर से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

विधायक श्री चन्द्राकर ने रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ सीधे विशाखापत्तनम बंदरगाह से जुड़ेगा। किसानों और व्यापारियों को बड़े बाजारों तक पहुंच आसान होगी। कॉरिडोर के आसपास लॉजिस्टिक हब और उद्योगों के विकास से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, नहर लाइनिंग, स्टॉपडेम, सामुदायिक भवन और खेल मैदानों के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग



**धमतरी।** पूर्व विधायक लेखराम साहू ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में कथित नकली मंगलसूत्र वितरण के मामले को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमसीबी जिले के खड़गवां ब्लॉक अंतर्गत चनवारीडांड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवविवाहिताओं को दिए गए मंगलसूत्र कुछ ही दिनों में काले पड़ गए, जिसके बाद उनकी गुणवत्ता पर सवाल उठे। लेखराम साहू ने बताया कि 10 फरवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में 179 जोड़ों का विवाह कराया गया था। योजना के तहत गृहस्थी का सामान, मंगलसूत्र और अन्य उपहार वितरित किए गए थे। उन्होंने कहा कि चांदी के नाम पर गिलट के आभूषण बांटे जाने की बात सामने आई है, जो गरीब परिवारों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्यपाल को पत्र लिखकर पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तरीय समिति से जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** शहर के छिपियापारा निवासी महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 9 निवासी चांदनी नायक ने पुलिस को बताया कि 12 जून शाम करीब 05.45 बजे मैं अपनी बेटी को गार्डन लेकर जा रही थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाली रेखा नायक उसे देखकर नल का पानी बहाती रहती है, कहकर गाली गलौच करने लगी, जब उसने मना किया तब आरोपी आज तुझे जान से मार दूंगी कहकर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगी और घसीट कर जमीन में गिरा दी, साथ दाहिने हाथ की उंगली को दांत से काट लिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम डोंगरीपाली के बजरंग बली मंदिर के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक चला रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

सामतरा से कर्णेश्वर धाम तक हुई सफाई, हुए कई जल संरक्षण के कार्य

# मां अभियान से बदल रही महानदी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

महानदी के संरक्षण के लिए मां अभियान की शुरूआत नगरी विकासखंड के महामाया मंदिर से की गई है। मोर गांव-मोर पानी को इस अभियान से जोड़कर महामाया मंदिर के कुंड की सफाई की गई। करीब 43 साल बाद इस कुंड की सफाई की गई। इसके अतिरिक्त सामतरा से कर्णेश्वर धाम तक करीब 15 किमी नदी की सफाई की गई।

धमतरी सहित कई जिलों की जीवनरेखा महानदी के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री ने मां अभियान का आगाज किया था। इस अभियान के तहत महानदी को नया स्वरूप देने की पहल की जा रही है।

इस अभियान में विकासखंडनगरी के 8 ग्राम पंचायत फरसियां, गोरेगांव, अमाली, संबलपुर, छिपली, देवपुर एवं छिपलीपारा सिहावा में मृदा एवं जल संरक्षण के कार्य कराए गए हैं।





फरसियां में नया तालाब का निर्माण, गणेश घाट के पास चट्टानों में आकर्षक चित्रकारी, जन जागरूकता अभियान चलाया गया। द्वितीय चरण में मेगा फाउंडेशन द्वारा महानदी उद्गम स्थल महामाई मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक, कुंड सफाई कार्य किया गया। यहां 4 चेकडैम प्रस्तावित है। इसमें से छिपली में एक चेकडैम बन भी गया है। बाकी पर काम चालू है।

### नदी की हुई सफाई

पुरानी मान्यता के अनुसार नदी फरसियां तक बहती थी, लेकिन सामतरा से कर्णेश्वर तक इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। अब सामतरा से कर्णेश्वर नाला के रूप में महानदी उपस्थित है। नदी के इस हिस्से को संरक्षित करते हुए सफाई की गई। अभियान के प्रथम चरण में 15 किमी में मेगा फाउंडेशन के सहयोग एवं ग्रामीणों की जनभागीदारी से पाथ उपचार कार्य किया गया। महानदी किनारे 5000 नारियल पौधरोपण का कार्य किया गया।

### और भी हुए काम

मनरेगा योजना से अभियान के तहत ग्राम पंचायत संबलपुर में जाम डबरी तालाब का गहरीकरण किया गया, वहीं फरसियां के निर्रबिड़ा में भी तालाब गहरीकरण किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत अमाली एवं फरसियां में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु 17 सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य किए गए। यह अभियान क्षेत्र में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन के रूप में ग्रामीण आजीविका को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास की नई पहचान बनी : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने ग्राम पंचायत बारना एवं सिवनीखुर्द का प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों से संवाद कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित विशेष पुस्तक भेंट की।

बारना में प्रीतेश गांधी ने कुंभकार समाज के वरिष्ठ खिलावन प्रजापति, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी दिलीप निषाद, पूर्व सरपंच मोती ध्रुव, राजाराम पटेल, महेश पटेल, डेरहू राम साहू, विश्राम तारक, रामजी प्रजापति, तोरण साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती लोकेश्वरी साहू एवं छेरकू साहू सहित अन्य नागरिकों से भेंटकर उनके सुझाव प्राप्त किए।

उन्होंने कर्तव्य पथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जनजातीय गौरव दिवस, नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, हर घर तिरंगा, वोकल फॉर लोकल तथा जी-20 की सफल अध्यक्षता जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। कार्यक्रम में भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल, मंडल सह प्रभारी राजीव सिन्हा, रूपचंद साहू, नरेन्द्र जयसवाल, ममता निषाद, दौलत राम साहू, टीकेश्वर ध्रुव, राजकुमार साहू, कुमारी बाई, सोनम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### विश्वास, विकास और लोक कल्याण से बन रहा समृद्ध भारत

श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जन-धन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि, मुद्रा एवं पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में विकास केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाला परिवर्तन बना है।

### बच्चों ने बोतल से गुड़िया बनाने का हुनर सीखा

**मगरलोड।** पीएमश्री स्कूल प्राथमिक विद्यालय अरौद में 7 जून से आयोजित समर कैंप का समापन 11 जून को हुआ। बच्चों को योगा, संगीत, वर्ली आर्ट, नाटक, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, क्राफ्ट आर्ट, पेपर कटिंग, साइंस के प्रयोग, बाल साहित्य पठन, निबंध लेखन, पॉट आर्ट, मेहंदी, बोतल से गुड़िया निर्माण, मुखौटा, खेल, कठपुतली जैसी रोचक गतिविधियों में शामिल किया गया । विद्यालय के अतिरिक्त ग्राम अरौद के बच्चे भी शामिल हुए और अपने हुनर को दिखाया।

# साइकिल रेस के सिद्धेश पाटिल बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

■ देशभर के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गंगरेल बांध में रविवार को जय मां कामाख्या जनकल्याण सेवा समिति धमतरी एवं समाजसेवी खूबलाल ध्रुव के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर सायकल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता गंगरेल से प्रारंभ होकर कोटाभर्री, मुड़पार, बरारी और रुद्री मार्ग से होते हुए पुनः गंगरेल पहुंचकर समाप्त हुई।

पुरुष गियर साइकिल वर्ग में महाराष्ट्र के सिद्धेश पाटिल ने पहला स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र के रेहान शेख दूसरे और हरियाणा के आयुष तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के गोपाल और नवीन राठी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि रायगढ़ के अतुल प्रधान छठवें स्थान पर रहे। नॉन गियर वर्ग में राजनांदगांव के नंदकिशोर विजेता बने। रायपुर के साजन कुर्रे दूसरे और बालोद के राजेश सिंह तीसरे स्थान पर रहे। बिलासपुर के संतोष गुप्ता, बालोद के कमल तथा धमतरी के करण यादव ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

महिला वर्ग में गियर साइकिल श्रेणी में महाराष्ट्र की जीनत प्रथम और हरियाणा की हरविंदर द्वितीय स्थान पर रहीं। नॉन गियर वर्ग में रायपुर की गोमती साहू विजेता बनीं, जबकि बालोद की किरण साहू दूसरे और धमतरी की नम्रता नेताम तीसरे स्थान पर रहीं।

बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग में वेदप्रकाश, डिगेश नेताम, वासु साहू, हेमंत साहू, तनिष्का खंडेलवाल और वनिका कावड़े ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 5 से 10 वर्ष वर्ग में सोनम नेताम, गणिका तारक, खिलेंद्र सिन्हा, युवराज, लक्ष्य, रोहन विश्वकर्मा और काव्यांश ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छोटे बच्चों के उत्साह ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

खूबलाल ध्रुव ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। रेस मार्ग में यूथ हॉस्टल के सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों के लिए जूस और पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों, अभिभावकों और आगंतुकों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को पोहा और चना वितरित किया गया। खिलाड़ियों और अभिभावकों ने खूबलाल ध्रुव एवं आयोजन समिति द्वारा की गई व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित, सफल और प्रेरणादायक बताया। समापन अवसर पर पूर्व विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### पराली जलाने पर पांच कृषकों पर अर्थदण्ड

**धमतरी।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 35 बागतराई रोड स्थित लिगेसी वेस्ट (मणिकंचन केंद्र) में गत 25 मई को हुई आगजनी की घटना के मामले में राजस्व विभाग द्वारा जांच उपरांत पांच कृषकों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि लगभग 23 हजार टन लिगेसी वेस्ट संग्रहित स्थल में आग लगने की घटना हुई। प्रारंभिक जांच में आसपास के खेतों में मौजूद पराली में आग लगने के बाद उसके फैलकर लिगेसी वेस्ट तक पहुंचने की आशंका व्यक्त की गई थी। मामले की जांच हेतु हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि मणिकंचन केंद्र से लगे कुछ कृषि क्षेत्रों में पराली जलकर नष्ट हुई थी। इस प्रकरण में संबंधित कृषकों को नोटिस जारी कर उनका पक्ष सुना गया। कृषकों ने अपने जवाब में पराली जलाने से इंकार किया, किंतु उपलब्ध राजस्व अभिलेखों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित भूमि के भूस्वामियों को उत्तरदायी माना गया। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पराली जलाने पर लगाए गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति प्रावधानों के तहत दो एकड़ से कम भूमि वाले प्रत्येक कृषक पर 5 हजार रुपये का अर्थदण्ड निर्धारित है। इसी के अनुरूप संबंधित पांचों भूस्वामी कृषकों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। अर्थदण्ड की वसूली के लिए संबंधितों को पृथक से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्राह्मण पारा वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों द्वारा जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ मां बम्लेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने ब्राह्मण पारा, कोष्टापारा, आमापारा और बनियापारा क्षेत्र के नागरिकों से संपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की। इस दौरान स्थानीय लोगों के अनुभव एवं सुझाव भी संकलित किए गए। मौके पर रंजना साहू, बीथिका विश्वास, रुक्मणि सोनकर, प्रतिमा सोनी, पूजा कुंजाम, उपस्थित थे।

# राहगीरों को वितरित किया छाछ मठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पुरुषोत्तम मास एवं भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धमतरी औषधि विक्रेता संघ तथा मां आंगर मोती गौधाम के सदस्यों ने अंबेडकर चौक स्थित माही मेडिकल के पास बस्तर रोड पर छाछ-मठा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को शीतल छाछ-मठा पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सदस्यों एवं समाजसेवियों ने सेवाभाव के साथ राहगीरों को छाछ वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में सेवा, दान और परोपकार का विशेष महत्व है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी दिलीप बड़जात्या, जानकी गुप्ता, राजेश साहू, अमित अग्रवाल, सत्तू वर्मा, श्रीमती संजू जैन, कुसुम साहू, गीता साहू, उषा साहू, नेहा साहू, माही साहू, दीक्षा साहू, मौली साहू, नरेन्द्र साहू, इंदू हिन्दूजा, रुपेश साहू, राकेश साहू सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच इस तरह का सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी, दिलीप बड़जात्या, जानकी गुप्ता, औषधि विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष राजेश साहू, अमित अग्रवाल, सत्तु वर्मा, संजु जैन, कुसुम साहू, गीता साहू, उषा साहू, नेहा साहू, माही साहू, दीक्षा साहू, मौली साहू, नरेंद्र साहू, इंदु हिंदुजा, रूपेश साहू एवं राकेश साहू सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए राहगीरों को छाछ एवं मठा वितरित कर सेवा कार्य में योगदान दिया।










